वाराणसी पुलिस : आपकी अपनी पुलिस

कार्यालय पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

संख्या: पीआरओ 170/2021 दिनांक: मार्च, 28/2021

प्रेस नोट

थाना चोलापुर पुलिस द्वारा दिनांक 26.03.2021 को थानाक्षेत्र चोलापुर में हुए हत्या का सफल अनावरण करते हुए दो अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए एक महिला को भी हिरासत में लिया गया।

दिनांक 27.03.2021 को थानाध्यक्ष महेश कुमार सिंह मय फोर्स देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति वाहन में थाना क्षेत्र में मौजूद थे कि जरिये मुखबिर सूचना मिली कि थाना चोलापुर में दिनांक 26.03.2021 को हुई हत्या के संबंध में पंजीकृत मु0अ0सं0 149/2021 धारा 147/302/201/120बी /34 भादवि से संबंधित अभियुक्तगण भैठोली मोड़ के पास मौजूद है, यदि जल्दी किया जाये तो पकड़े जा सकते है। उक्त सूचना पर विश्वास कर थाना चोलापुर पुलिस द्वारा उक्त स्थान पर पहुंचकर, मुखबिर की निशानदेही पर दो व्यक्ति को पकड़ा गया। पकड़े गये व्यक्ति से नाम पता पूछा गया तो पहले ने अपना नाम प्रदुम यादव पुत्र शिवचन्द्र यादव निवासी आयर थाना चोलापुर वाराणसी उम्र करीब 21 वर्ष व दूसरे ने अपना शुभम सिंह पुत्र अनिल सिंह उर्फ जितेन्द्र सिंह निवासी आयर थाना- चोलापुर, वाराणसी उम्र करीब 23 वर्ष बताया। थाना चोलापुर पुलसि द्वारा अभियुक्तगण उपरोक्त को समय करीब 16.05 बजे गिरफ्तार किया गया तथा मुकदमा उपरोक्त में नामजद महिला अभियुक्ता (मृतक की पत्नी) के घर पर थाना पुलिस टिम द्वारा दबिश दी गयी तो महिला अभियुक्ता अपने घर पर मौजूद मिली जिसे हिरासत में लिया गया। अभियुक्त गण के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त चाकू व अभियुक्त शुभम सिह घटना के समय पहने खून लगे कपड़े को भी बरामद किया गया।थाना चोलापुर पुलिस द्वारा उक्त के संबंध में अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ विवरण

अभियुक्त प्रदुम यादव से पूछताछ कि गयी तो बताये की मैं व मृतक की पत्नी एक दूसरे के साथ शादी करना चाहते थे जिसका विरोध मृतक के द्वारा किया जा रहा था इसी कारण से हमलोगों द्वारा दिनांक 26.03.2021 को योजनाबद्ध तरीके से मृतक की हत्या चाकू से कर, शव को खेत में फेंक दिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1. प्रदुम यादव पुत्र शिवचन्द्र यादव निवासी आयर थाना चोलापुर वाराणसी उम्र करीब 21 वर्ष
2. शुभम सिंह पुत्र अनिल सिंह उर्फ जितेन्द्र सिंह निवासी आयर थाना- चोलापुर, वाराणसी उम्र करीब 23 वर्ष (विवेचना से प्रकाश में अभियुक्त)
3. एक महिला अभियुक्ता (मृतक की पत्नी)

बरामदगी का विवरण –

- एक अदद चाकू(आला कत्ल) एवं घटना के समय अभियुक्त शुभम सिंह द्वारा खून लगे कपड़े व हत्या में प्रयुक्त मोटर साईकिल न0 UP 65 CW 4742

***गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण*-**

- थानाध्यक्ष महेश कुमार सिंह, उ0नि0 प्रेम नरायण विश्वकर्मा (चौकी प्रभारी मुर्दहा), उ0नि0 अग्रचारी यादव, उ0नि0यू0टी0 संगीता देवी, मु0आ0 संजय नाथ, का0 बृजभूषण यादव, का0 प्रदीप यादव, का0 आशुतोष सिंह

मीडिया सेल
पुलिस कमिश्नरेट
वाराणसी।

कार्यालय पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

संख्या: पीआरओ 171/2021 दिनांक: मार्च, 28/2021

प्रेस नोट

आज दिनांक 28.03.2021 को थाना मण्डुवाडीह पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्तगण शत्रुधन सिंह व राकेश सिंह गिरफ्तार

आज दिनांक 28.03.2021 को थाना मण्डुवाडीह पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र के दौरान मु0अ0सं0 0016/2021 धारा 419/420/467/468/471/352/504/506/120(बी) भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त गण शत्रुधन सिंह पुत्र स्व0 मंशी सिंह निवासी चाँदपुर थाना मण्डुवाडीह वाराणसी, उम्र करीब 42 वर्ष व राकेश सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह निवासी चाँदपुर थाना मण्डुवाडीह वाराणसी उम्र 28 वर्ष को इन्डस्ट्रियल स्टेट चाँदपुर से समय करीब 12.50 बजे गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना मण्डुवाडीह पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1. शत्रुधन सिंह पुत्र स्व0 मंशी सिंह निवासी चाँदपुर थाना मण्डुवाडीह वाराणसी, उम्र करीब 42 वर्ष
2. राकेश सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह निवासी चाँदपुर थाना मण्डुवाडीह वाराणसी उम्र 28 वर्ष

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

- प्रभारी निरीक्षक परशुराम त्रिपाठी, उ0नि0 अजय दूबे, हे0का0 रमेश प्रभाकर व का0 जितेन्द्र कुमार शाह थाना मण्डुवाडीह वाराणसी।

मीडिया सेल
पुलिस कमिश्नरेट
वाराणसी।

कार्यालय पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

संख्या: पीआरओ 172/2021 दिनांक: मार्च, 28/2021

प्रेस नोट

पुलिस आयुक्त वाराणसी के निर्देशन में जनपद में नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वालम्बन हेतु चलाये जा रहे *"मिशन शक्ति"* अभियान के अन्तर्गत दिनांक 28.03.2021 को वाराणसी पुलिस द्वारा जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों के स्कूल/कॉलेज व सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं/बालिकाओं के बीच जाकर पोस्टर/बैनर/पम्पलेट/आडियों/विडियो क्लिप के माध्यम से सरकार द्वारा जारी हेल्पलाइन नम्बरों (112,1098,1090,181,1076,108, 102) की जानकारी देकर जागरूक किया गया।

जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में मिशन शक्ति पुलिस टीम जागरुकता अभियान चलाते हुए 75 स्थानों पर प्रचार-प्रसार कर कुल 1377 महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक किया गया। मिशन शक्ति से सम्बन्धित 69 पर्चे वितरित किये गये। एण्टीरोमियो स्क्वाड द्वारा कुल 80 स्थानों पर भ्रमण/चेकिंग करते हुए कुल 1209 महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक किया गया एवं 06 व्यक्तियों के विरूद्ध धारा 151 सीआरपीसी के अन्तर्गत कार्यवाही व 61 शोहदों से पूछताछ एवं सख्त हिदायत दी गई।

मीडिया सेल

पुलिस कमिश्नरेट

वाराणसी।

संशोधित

कार्यालय पुलिस आयुक्त वाराणसी

संख्या: पीआरओ 173/2021 दिनांक: मार्च, 28/2021

प्रेस नोट

जनपद वाराणसी में पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली लागू होने के उपरान्त पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा क्षेत्रों का विभाजन निम्नानुसार किया गया है-

1	जोन–वरूणा	कार्यक्षेत्र वरूणा	क्षेत्र (सर्किल)	थाना
	पुलिस उपायुक्त (डी0सी0पी0)	अपर पुलिस उपायुक्त (एडिशनल डी0सी0पी0)	सहायक पुलिस आयुक्त, कैण्ट	1–कैण्ट 2–शिवपुर 3–सारनाथ 4–लालपुर पाण्डेयपुर
			सहायक पुलिस आयुक्त चेतगंज	1–चेतगंज 2–जैतपुरा 3–सिगरा

2	जोन–काशी	कार्यक्षेत्र काशी	क्षेत्र (सर्किल)	थाना
	पुलिस उपायुक्त (डी0सी0पी0)	अपर पुलिस उपायुक्त (एडिशनल डी0सी0पी0)	सहायक पुलिस आयुक्त भेलूपुर	1–लंका 2–भेलूपुर 3–मण्डुवाडीह
			सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली	1–कोतवाली 2–रामनगर 3–आदमपुर
			सहायक पुलिस आयुक्त दशाश्वमेघ	1–दशाश्वमेघ 2–चौक 3–लक्सा

मीडिया सेल

पुलिस आयुक्त

वाराणसी।